Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 1832 / W-19 / 443 दिनांक 29.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः– ई– दैनिक जागरण पत्र में दिनांक 29.07.2026 को प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशनः पानी टंकी निर्माण, पाइप बिछाने व नल कनेक्शन में लापरवाही, प्रयागराज डी0एम0 ने रिपोर्ट तलब की'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–दैनिक जागरण पत्र में दिनांक 29.07.2026 को प्रकाशित खबर **''जल जीवन मिशनः पानी टंकी निर्माण, पाइप बिछाने व नल कनेक्शन में लापरवाही, प्रयागराज डी0एम0 ने रिपोर्ट तलब की''** शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है जनपद प्रयागराज में कुल 8 तहसीलों के अन्तर्गत 23 विकास खण्डों में 2689 राजस्व ग्राम हैं। जिसमें 568 राजस्व ग्रामों में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित योजनाओं से आच्छादित है एवं 1338 राजस्व ग्रामों को जल जीवन मिशन फेज–2 में सम्मिलित किया गया है जिसका कार्य मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कार्य कराया जा रहा है तथा 731 राजस्व ग्रामों को जल जीवन मिशन फेज–4 में सम्मिलित किया गया है जिसमें सतही स्रोत गंगा के अन्तर्गत 03 विकास खण्ड मेजा, माण्डा एवं कोरांव के 456 राजस्व ग्रामों में मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV), हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है एवं सतही स्रोत यमुना के अन्तर्गत 02 विकास खण्ड जसरा एवं शकरगढ़ के 276 राजस्व ग्रामों में मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर द्वारा कराया जा रहा है, 50 राजस्व ग्राम नगरीय सीमान्तर्गत है तथा 01 नग राजस्व ग्राम (Less than 100 Population) की है।

जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अनुबन्धित फर्म **मे० एल० एण्ड टी० लि०. चेन्नई** द्वारा जनपद के 18 विकास खण्डों के 1338 राजस्व ग्रामों में कार्य कराया जा रहा है। जिसमें प्रस्तावित 664 पेयजल योजनाओं में 664 नग नलकूपों की सापेक्ष 643 नग, 663 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 197 नग, वितरण प्रणाली 11570 किमी० के सापेक्ष 10481 किमी०, गृह संयोजन 335322 नग के सापेक्ष कुल 320940 नग पूर्ण किया जा चुका है। 664 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 197 नग शिरोपरि जलाशय एवं 86 नग नलकूपों से सीधे कुल 516 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है। अवशेष कार्यों को दिसम्बर–2026 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

यहां यह भी अवगत कराना है कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक संख्या–125/W-17/(L&T)/2026-27/Tech-06 दिनांक 13.04.2026 के द्वारा जनपद प्रयागराज क्लस्टर हेतु गठित सूचीबद्धता अनुबन्ध संख्या– 93/ED/2021-21 दिनांक 16.03.2021 के अन्तर्गत जनपद–प्रयागराज में ट्रॉयल–रन में सम्मिलित 178 योजनाएं जिनमें 320 ग्राम सम्मिलित है तथा O&M में ली गई 88 योजनाएं जिनमें 148 ग्राम सम्मिलित है, के कार्यों को छोड़कर शेष आवंटित कार्यों को डिस्कोप (Descope) कर दिया गया है एवं सक्षम स्तर से अग्रिम निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

जल जीवन मिशन फेज–4 कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील मेजा एवं कोरांव के 03 विकास खण्डों (मेजा, माण्डा एवं कोरांव) के 456 राजस्व ग्रामों में प्रयागराज सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अनुबंधित फर्म **मेसर्स गजा–जीएआईपीएल (JV). हैदराबाद** द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 456 राजस्व ग्रामों को 115 जोन में विभाजित किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक नग Intake well (112 MLD)-73%, एक नग WTP (90 MLD)–82%, तथा वितरण प्रणाली 4344.00 किमी० के सापेक्ष 4044.00 किमी० एवं 115 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 41 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है। अवशेष कार्यों को दिसम्बर–2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

जल जीवन मिशन फेज–4 कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील बारा के 02 विकास खण्डों (जसरा एवं शंकरगढ) के 276 राजस्व ग्रामों में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा अनुबंधित फर्म **मेसर्स विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लि०. जोधपुर** द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 276 राजस्व ग्राम को 74 जोन में विभाजित किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक नग Intake well (55 MLD)–79%, एक नग WTP (44 MLD)– 80%, तथा वितरण प्रणाली 2329.00 किमी० के सापेक्ष 2121.00 किमी०. तथा शिरोपरि जलाशय 74 नग के सापेक्ष 32 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है। अवशेष कार्यों को दिसम्बर–2027 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

जनपद प्रयागराज में पूर्व निर्मित 234 नग पेयजल योजनाओं 568 राजस्व ग्रामों के संचालन एवं अनुरक्षण कार्य हेतु प्रधान कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ द्वारा चयनित फर्म **मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0, अहमदाबाद, गुजरात** द्वारा पूर्व निर्मित योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण हेतु प्राक्कलन तैयार करके मुख्यालय प्रेषित किया जा चुका है। प्राक्कलन स्वीकृति/धनावंटन उपरान्त योजनाओं के कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

जनपद प्रयागराज में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य लम्बाई के सापेक्ष 98.00 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा 3935 किमी0 के सापेक्ष 3894 किमी0, मे0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0 पी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद द्वारा 1496 किमी0 के सापेक्ष 1477 किमी0 एवं मे0 विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लि0. जोधपुर द्वारा 143 किमी0 के सापेक्ष 142 किमी0 सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष कार्य प्रगति पर है तथा जहॉ पर पाइप लाइन कार्य चल रहा है, उसको त्वरित रूप से मोटरेबल करा दिया जाता है तथा जनपद प्रयागराज में जल जीवन मिशन अन्तर्गत फर्म द्वारा कराये गये कार्यों की गुणवत्ता की जॉच मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 (टी0पी0आई0ए0) द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। टी0पी0आई0ए0 द्वारा कार्यों की गुणवत्ता हेतु जारी एन0सी0 फर्म को सूचित करते हुए उसका निराकरण संबंधित एजेन्सी द्वारा उसका निराकरण गुणवत्तापूर्वक करने के पश्चात फर्म के बीजकों का भुगतान किया जाता है एवं रोड रेस्टोरेशन की जॉच एवं सुधार के उपरान्त ही पोर्टल पर अपडेट किया जाता है। टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि लगातार भ्रमण करते हुए गुणवत्ता व मानक के अनुसार रोड रेस्टोरेशन पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सड़क पुर्नस्थापना के कार्यों को कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है।

अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
4– जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज।
5– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
6– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
7– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

**अधिशासी अभियन्ता**